SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 31 दिसंबर 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 94

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में महसूस हुए भूकंप के झटके

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई। भूकंप में किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई मौसम विज्ञान ब्यूरो ने ट्विटर पर जानकारी दी कि देश के उत्तरी क्षेत्र की राजधानी डार्विन में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 3:55 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) ने कहा कि अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### पाकिस्तान का तीर्थस्थल भ्रमण करने के लिये 250 हिंदुओं को आमंत्रण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान हिंदू परिषद(पीएचसी) ने देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और तीर्थस्थल भ्रमण के लिये 250 हिंदुओं के समूह को आमंत्रित किया है। ये समूह परमहंसजी महराज की समाधि स्थल जायेंगे, जो एक संत थे और उनका निधन पाकिस्तान में करक जिला के ख़ैबर-पख़्तूनख़्वा के तेरी गांव में हुआ था। पीएचसी के संरक्षक रमेश कुमार वनक्वानी ने बताया कि भारत, संयुक्त अरब अमिरात और अमेरिका से हिंदू तीर्थयात्री एक जनवरी को समाधि स्थल जाने के लिये पेशावर पहुंचेंगे। पीएचसी ने पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा के समन्वय से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। श्री वनक्वानी ने कहा, यह दूसरी बार है, जब परिषद ने अन्य देशों के हिंदू तीर्थयात्रियों को आमंत्रित किया है ताकि वे स्वयं पाकिस्तान में एक सहिष्णु और बहुवादी समाज के अस्तित्व को देख सकें। पिछले महीने भारत, कनाडा, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन से 54 हिंदुओं ने पाकिस्तना का दौरा किया था, जिसका नेतृत्व परमहंसजी महाराज के पांचवें उत्तराधिकारी सतगुरुजी महाराज जी ने किया था। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद ने पिछले महीने तेरी मंदिर में हिंदू समुदाय के स्थानीय लोगों के साथ एकजुटता दिखाने और देश के अन्य हिस्सों से तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए दिवाली मनायी थी। तेरी मंदिर का निर्माण 1920 में परमहंसजी महाराज के सम्मान में किया गया था। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के एक स्थानीय नेता के नेतृत्व में भीड़ ने पिछले साल 30 दिसंबर को मंदिर में तोड़फोड़ की थी।

### भालुओं के शिकार के मामले में डिप्टी रेंजर निलंबित

**दमोह (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के सेलबाडा सर्किल के डिप्टी रेंजर और वनरक्षक को दो भालुओं के करंट लगाकर किए गए शिकार के मामले में निलंबित कर दिया है। जिला वन मंडल अधिकारी उइके ने बताया कि सिलपरा बीट में अज्ञात शिकारियों द्वारा 2 दिन पहले दो भालुओं की करंट लगाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में लापरवाही प्रतीत होने के कारण सर्किल के डिप्टी रेंजर राकेश दुबे और वनरक्षक सुग्रीव को तत्काल प्रभाव से कल शाम निलंबित कर दिया गया।

### 68 साल के बुजुर्ग ने नाबालिग को कर दिया था गर्भवती, कोर्ट ने सुनाई तीन गुना उम्रकैद की सजा

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अदालत ने 68 वर्षीय एक व्यक्ति को 2015 में 15 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न और गर्भवती करने के लिए तीन गुना उम्रकैद की सजा सुनाई है। कुन्नमकुलम पोक्सो अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दोषी किसी सहानुभूति का पात्र नहीं है और सजा पूरी होने तक उसे पैरोल नहीं दी जाएगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि उसे 20 साल जेल की सजा काटनी होगी। साथ ही 1.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और वह राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि इसके अलावा पीड़ित कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मुआवजे के लिए भी पात्र है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी कृष्णन कुट्टी एक मछली विक्रेता था और नाबालिग लड़की मछली खरीदने के लिए उसके पास आती थी। उसने स्थिति का फायदा उठाते हुए उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में नाबालिग ने 16 साल की उम्र में एक बच्चे को जन्म दिया और डीएनए टेस्ट से भी पुष्टि हुई कि बच्चा कुट्टी का ही है।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र से नक्सल उन्मूलन पर खर्च हुए 15 हजार करोड़ मांगे

» मुख्यमंत्री बघेल की जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को पांच साल और जारी रखने की मांग

» कोल उत्खनन पर 4,140 करोड़ की राशि शीघ्र देने का किया आग्रह

» बजट पूर्व बैठक में आर्थिक मुद्दे पर भी रखे कई प्रस्ताव



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार के साथ बजट पूर्व बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम बजट को लेकर राज्य की उम्मीदें और प्रस्ताव रखे। उन्होंने केंद्र सरकार से जीएसटी क्षतिपूर्ति की भरपाई, कोल उत्खनन पर केंद्र के पास जमा राशि 4,140 करोड़ छत्तीसगढ़ को शीघ्र देने एवं नक्सल उन्मूलन के लिए तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर किये 15 हजार करोड़ के व्यय की प्रतिपूर्ति की मांग की। यहां गुरुवार को विज्ञान भवन में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री बघेल ने जीएसटी क्षतिपूर्ति की भरपाई, कोल उत्खनन पर केंद्र के पास जमा राशि 4,140 करोड़ छत्तीसगढ़ को शीघ्र देने एवं नक्सल उन्मूलन के लिए तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर किये 15 हजार करोड़ के व्यय की प्रतिपूर्ति की मांग की। बैठक में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कोविड 19 के कारण आर्थिक गतिविधियों के बाधित होने से राज्यों के अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। केंद्र से मिलने वाली राशि प्राप्त होने पर राज्य सरकार विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं में व्यय कर सकेगी।

उन्होने कहा कि जीएसटी कर प्रणाली से राज्यों को राजस्व की हानि हुई है, आगामी वर्ष में राज्य को लगभग 5000 करोड़ के राजस्व की हानि की भरपाई की व्यवस्था केंद्र द्वारा नहीं की गयी है, इसलिए जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को जून 2022 के पश्चात भी आगामी 05 वर्षों के लिए जारी रखा जाये। इसके साथ ही उन्होने कहा कि विगत 3 वर्षों के केन्द्रीय बजट में छतीसगढ़ को केन्द्रीय करों में हिस्से की राशि 13,089 करोड़ कम प्राप्त हुए हैं। आगामी बजट में केन्द्रीय करों के हिस्से की राशि पूर्णतः राज्य को दी जाये। बघेल ने कोल ब्लॉक कंपनियों से कोल उत्खनन पर 294 रुपये प्रति टन के मान से केंद्र के पास जमा राशि 4,140 करोड़ छत्तीसगढ़ को शीघ्र देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होने कहा कि नक्सल उन्मूलन के लिए राज्य में तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर राज्य शासन का व्यय 15 हजार करोड़ हो चुका है। इसकी प्रतिपूर्ति के लिए अगले बजट में विशिष्ट प्रावधान किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद कर कटौती से राज्य के हिस्से की राशि में कमी एवं वैट से मिलने वाले राजस्व में भी कमी होगी इसलिए भविष्य में उत्पाद कर के स्थान पर उपकरों में कमी की जाए। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में बेहतर क्रियान्वयन करने वाले राज्यों के लिए प्रति परिवार 1100 रुपये प्रीमियम की सीमा बढ़ाने की मांग की। उन्होने कहा इससे हितग्राहियों की संख्या बढ़ेगी और अधिकांश जनसंख्या को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उन्होने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पात्र परिवार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत भी पात्र होने चाहिए।

## भारत के कई इलाकों में 2 जनवरी से चलेगी भीषण शीतलहर

» पारा 4 डिग्री तक गिरने की संभावना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि अगले दो दिनों में उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस और पूर्वी भारत में 3.5 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि 3 जनवरी तक पंजाब के अलग-अलग हिस्सों के साथ-साथ उत्तरी राजस्थान, हरियाणा और चंडीगढ़ में 2 जनवरी तक भीषण शीतलहर की स्थिति बनने की संभावना है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पूर्वी भारत के इलाकों में रात से सुबह तक घने कोहरे की संभावना है।

आईएमडी ने कहा कि एक पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर प्रदेश के ऊपर था। एक अलग चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र राज्य के पूर्वी हिस्से और उससे सटे बिहार पर भी बना हुआ है। एक ट्रफ रेखा भी चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र से मध्य प्रदेश की ओर चल रही है। इन प्रणालियों के प्रभाव में, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में हल्की छिटपुट वर्षा होने की संभावना है।

बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग गरज के साथ हल्की से मध्यम और छिटपुट से काफी व्यापक वर्षा होने की संभावना है। उत्तरी आंतरिक ओडिशा में भी भारी बारिश की संभावना है।

एक पश्चिमी विक्षोभ के 4 से 7 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। 1 से 3 जनवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में छिटपुट वर्षा और बर्फबारी होने की संभावना है।

## नए साल के जश्न में भंग, आज से धारा 144 लागू, 7 जनवरी तक नहीं होगी कोई पार्टी

**मुंबई (आरएनएस)।** देश में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन ने नए साल के जश्न को भी किरकिरा कर दिया है। मुंबई में बढ़ते कोरोना और ओमिक्रॉन के मामलों को देखते हुए 7 जनवरी, 2022 तक धारा 144 लागू कर दी गई है। मुंबई पुलिस ने इस दौरान शहर में नए साल के जश्न और पार्टियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। उसके ओर से कह गया है कि 30 दिसंबर से 7 जनवरी तक मुंबई में खुले स्थान या बंद स्थान पर किसी भी तरह की पार्टी पर प्रतिबंध रहेगा। इनमें रेस्तरां, होटल, बार, रिसॉर्ट और क्लब भी शामिल होंगे। पुलिस का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वालों और धारा 144 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुंबई में कोरोना वायरस संक्रमण के 2500 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। एक दिन पहले मिले नए संक्रमितों की तुलना में 82 फीसदी उछाल दर्ज किया गया है। इस दौरान महाराष्ट्र में 20 से ज्यादा मौतें हुईं। राज्य के जानकारों का मानना है कि मुंबई में कोरोना वायरस महामारी की तीसरी लहर की शुरुआत हो चुकी है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण के 85 नए मामले सामने आए। देश के किसी राज्य में वायरस के इस नए प्रकार से संक्रमण के दैनिक मामलों की यह सर्वाधिक संख्या है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक ओमीक्रोन के 252 मामले सामने आ चुके हैं।

## कश्मीर : मुठभेड़ में मारे गए छह आतंकवादी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कश्मीर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत छह आतंकवादी मारे गए. पिछले एक हफ्ते में दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य अभियानों में अचानक तेजी आई है.जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि दक्षिण कश्मीर में बीती शाम को हुई दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो पाकिस्तानी नागरिक समेत जैश-ए-मोहम्मद के छह आतंकवादी मारे गए हैं. दोनों मुठभेड़ों में एक पुलिसकर्मी और दो जवान भी घायल हो गए. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस ऑपरेशन को बड़ी सफलता बताया है. कश्मीर पुलिस के महानिरीक्षक के हवाले से कहा गया, दो अलग-अलग मुठभेड़ों में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के छह आतंकवादी मारे गए. मारे गए आतंकवादियों में से चार की पहचान अब तक हुई है. इनकी पहचान दो पाकिस्तानी और दो स्थानीय आतंकवादियों के रूप में हुई है. अन्य दो आतंकियों की पहचान की जा रही है दक्षिणी कश्मीर में मुठभेड़ एक के बाद एक मुठभेड़ बुधवार शाम तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने कुलगाम जिले के मिरहमा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान चलाया और वहां मुठभेड़ हो गई इसके बाद दूसरी मुठभेड़ अनंतनाग के दूरू के नौगाम शाहाबाद इलाके में हुई. पहली मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया. इससे पहले रविवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां, पुलवामा और अनंतनाग जिलों में तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच आतंकवादी मारे गए थे. निशाने पर आम नागरिक और सुरक्षाबल जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकी घटनाएं और बढ़ी हैं और इसी के साथ लक्षित हत्याएं भी बढ़ी हैं. आतंकियों ने कई हत्याएं ऐसे लोगों की हैं जो रोजगार के लिए कश्मीर गए हुए थे. केंद्र ने 30 नवंबर को संसद को बताया था कि इस साल 15 नवंबर तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में 40 नागरिक मारे गए हैं और 72 घायल हुए. गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी थी. उन्होंने यह भी बताया कि 15 नवंबर तक इस तरह की घटनाओं में जम्मू-कश्मीर पुलिस समेत सुरक्षा बलों के 35 जवान मारे गए और 86 घायल हुए.

# भारत में 1000 के करीब पहुंचे ओमिक्रॉन के मामले, दिल्ली-महाराष्ट्र में सबसे बुरा हाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने पिछले 24 घंटों में 13,154 नए कोविड -19 मामले दर्ज किए हैं। वहीं, नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की बात करें तो दिल्ली में 263 और महाराष्ट्र में 252 मामलों के साथ इसकी संख्या बढ़कर 1000 के करीब पहुंच गई है। आपको यह भी बता दें कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कुल 82,402 एक्टिव केस हैं।

भारत में एक दिन में कोविड-19 के 13,154 नए मामले सामने आने के बाद, देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,48,22,040 हो गई। वहीं, 268 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,80,860 हो गई है।



वहीं, अभी तक कोरोना वायरस संक्रमण के नए स्वरूप ओमीक्रॉन के 961 मामले सामने आ चुके हैं, ये मामले 22 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में सामने आए हैं।

कल के आंकड़ों पर गौर करें तो दिल्ली में 71 हजार से ज्यादा जांच के बावजूद संक्रमण दर 1.29 फीसदी तक पहुंच गई है, यह एक दिन पहले ही 0.68 फीसदी थी। यानी लगभग दोगुना उछाल संक्रमण दर में भी आया है। सात महीनों में पहली बार करीब एक हजार संक्रमित मिलने से सक्रिय मरीजों की संख्या भी दो हजार का आंकड़ा पार कर 2191 तक पहुंच गई जबकि महज चार दिन पहले यह एक हजार से कम थी।

**दिल्ली में 38 फीसदी नमूनों में ओमिक्रॉन-** दिल्ली में ओमीक्रोन तेजी से फैल रहा है, 21 से 28 दिसंबर के बीच हुई जीनोम सीक्वेंसिंग जांच में 38 फीसदी लोगों में ओमीक्रोन पाया गया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि अभी तक जितने भी मामले आए हैं उनमें बाहर से आने वालों में ओमीक्रोन ज्यादा पाया गया है और उनके संपर्क में आने वाले लोग संक्रमित हुए हैं।

**महाराष्ट्र में रोज पांच गुना बढ़ोतरी-** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा, सक्रिय मरीजो की संख्या रोज पांच गुना बढ़ रही है। मुंबई में संक्रमण दर 4.1 प्रतिशत पर जा पहुंचा है। अगर ये पांच प्रतिशत के ऊपर गया तो सख्त पाबंदियां लगाना हमारी मजबूरी हो जाएगी।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय बजट 2022-23 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानमंडल के साथ) के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानमंडल के साथ) मुख्यमंत्रियों, उप-मुख्यमंत्रियों, वित्त मंत्रियों, मंत्रियों और केंद्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। केंद्रीय वित्त सचिव ने विचार-विमर्श में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस विशेष परामर्श बैठक के महत्व के बारे में जानकारी दी। अधिकांश प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को महामारी के सबसे खराब महीनों के दौरान अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय रूप से समर्थन देने, ऋण लेने की सीमा बढ़ाने, राज्यों को बैक टू बैक ऋण प्रदान करने और पूंजीगत व्यय के लिए विशेष सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिभागियों ने बजट भाषण में शामिल करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री को कई सुझाव भी दिए। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2022-23 के लिए प्रतिभागियों को उनके विचार और सुझावों के लिए धन्यवाद दिया और प्रत्येक प्रस्ताव पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# पीएम ने उत्तराखंड में 23 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तराखंड में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 23 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना का शिलान्यास किया, जिसके बारे में पहली बार 1976 में सोचा गया था और यह कई वर्षों से लंबित थी। उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये सड़क परियोजनाएं सुदूर, ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए प्रधानमंत्री के विजन को साकार करेंगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा को भी बेहतर कनेक्टिविटी



मिलेगी। उन्होंने ऊधम सिंह नगर में एम्स ऋषिकेश उपग्रह केंद्र और पिथौरागढ़ में जगजीवन राम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखी। ये उपग्रह केंद्र देश के सभी हिस्सों में विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के प्रधानमंत्री के प्रयास के अनुरूप होंगे। उन्होंने काशीपुर में एरोमा पार्क और सितारगंज में प्लास्टिक औद्योगिक पार्क और राज्य भर में आवास, स्वच्छता तथा पेयजल आपूर्ति में कई अन्य पहलों की आधारशिला रखी।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कुमाऊं के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया। उन्होंने उत्तराखंडी टोपी से सम्मानित करने के लिए क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया कि वह क्यों सोचते हैं कि यह दशक उत्तराखंड का दशक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों का सामर्थ्य, इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाएगा। उत्तराखंड में बढ़ रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, चार धाम परियोजना, नए बन रहे रेल रूट्स, इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाएंगे। उन्होंने पनबिजली, उद्योग, पर्यटन, प्राकृतिक कृषि और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उत्तराखंड द्वारा की गई प्रगति के बारे में भी चर्चा की जो इस दशक को उत्तराखंड का दशक बना देगी।

प्रधानमंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों को विकास से दूर रखने की विचारधारा के बारे में कहा, आजादी के बाद से ही, यहां के लोगों ने दो धाराएं देखी हैं। एक धारा है- पहाड़ को विकास से वंचित रखने की और दूसरी धारा है- पहाड़ के विकास के लिए दिन रात एक कर देने की। उन्होंने कहा कि विकास और सुविधाओं के अभाव में कई लोग क्षेत्र से अन्य स्थानों पर चले गए। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना से काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊधम सिंह नगर में एम्स ऋषिकेश उपग्रह केंद्र और पिथौरागढ़ में जगजीवन राम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की आधारशिला राज्य में चिकित्सा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि आज शुरू की जा रही परियोजनाओं के साथ-साथ अन्य परियोजनाओं से राज्य में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि आज जो शिलान्यास किया जा रहा है वह संकल्प की आधारशिला है जिसे पूरे संकल्प के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतीत की बदहाली और बाधाओं को अब सुविधाओं और सद्भाव में बदला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सात वर्षों के दौरान हर घर जल, शौचालय, उज्ज्वला योजना, पीएमएवाई के माध्यम से महिलाओं के जीवन को नई सुविधाएं और सम्मान मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं में देरी करना पहले जो सरकार में रहे हैं, ये उनका परमानेंट ट्रेडमार्क रहा है। उन्होंने कहा, आज यहां उत्तराखंड में जिस लखवाड़ परियोजना का काम शुरू हुआ है, उसका भी यही इतिहास है।